सांस्कृतिक महोत्सव में राजनीतिक भागीदारी और सामाजिक एकजुटता का लिया संकल्प

गोरखपुर, १ नवम्बर। सैंथवार मल्ल महासभा के तत्वावधान में आज क्षेत्रीय विकास एवं सांस्कृतिक महोत्सव आयोजन किया गया, जिसमें महासभा के उपस्थित पदाधिकारियों ने समाज की राजनीतिक भागीदारी और सामाजिक एकजुटता पर जोर देने के साथ ही मौके पर उपस्थित सैंथवार अध्यक्षता कर रहे महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गंगा सिंह सैंथवार ने कहा कि समाज की जनसंख्या के अनुपात में राजनीतिक भागीदारी अभी काफी कम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्ष २०२७ के विधानसभा चुनाव में जो राजनीतिक दल समाज को उसकी आबादी के अनुरूप हिस्सेदारी राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। महासभा के संरक्षक राम सिंह मास्टर ने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने और जरूरतमंद विद्यार्थियों की हरसंभव मदद करने की अपील की। राष्ट्रीय महामंत्री एवं कार्यक्रम संचालक जनार्दन सिंह फौजी ने महासभा को



मल्ल समाज के हजारों लोगों समाज की एकजुटता, शिक्षा एवं राजनीतिक भागीदारी को मजबूत करने का संकल्प लिया। महासभा द्वारा समाज के जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा में सहयोग और गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में यथासंभव सहायता प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही बच्चों की शिक्षा एवं अध्ययन के लिए एक बड़े हॉल तथा उनके रहने के लिए छात्रावास के निर्माण का कार्य भी प्रगति पर है। राजनीतिक भागीदारी के लिए कार्यक्रम की देगा,समाज उसी को समर्थन और वोट देगा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विश्वजीत सिंह ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट समाज से तुलना करते हुए कहा कि सेवार मल्ल समाज की आबादी भी जाट समाज के लगभग बराबर है, लेकिन राजनीतिक भागीदारी के मामले में समाज अभी पीछे है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय कुमार मल्ल ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में कम समय बचा है,इसलिए समाज के लोगों को आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होना चाहिए और सभी राजनीतिक दलों पर दबाव बनाकर उचित विधानसभा,ब्लॉक और ग्राम स्तर तक मजबूत बनाने तथा आपसी भाईचारा कायम करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज मुख्य रूप से खेती-किसानी पर निर्भर है, इसलिए संगठनात्मक अभाव के कारण आने वाली कठिनाइयों से निपटने के लिए हर व्यक्ति को एकजुट होना होगा। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष भोला सिंह फौजी ने संगठन की गतिविधियों की जानकारी देते हुए समाज के लोगों से प्रत्येक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर सहयोग करने की अपील की।

गोरखपुर के अमन राज की कप्तानी में भारत बना एशियाई चैंपियन

गोरखपुर 1 नवम्बर। चेन्नई में आयोजित एशियन टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप 2026 में भारतीय सीनियर पुरुष टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। गोरखपुर के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अमन राज की कप्तानी में भारत ने फाइनल मुकाबले में बहरीन को 25 रन से पराजित कर एशियाई चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। भारतीय टीम पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रही और लगातार छह मुकाबले जीतकर खिताब अपने नाम किया। उक्त जानकारी देते हुए टेनिस बॉल क्रिकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया के सचिव इमरान अहमद लारी ने बताया कि प्रतियोगिता में 12 देशों की पुरुष टीमों ने भाग लिया। भारत ने ग्रुप राउंड रॉबिन मुकाबलों में नेपाल, उज्बेकिस्तान, मालदीव और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में श्रीलंका को 16 रन से हराकर भारतीय टीम ने फाइनल में जगह बनाई।खिताबी मुकाबले में भारत ने बहरीन के सामने 64 रन का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बहरीन भारतीय गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के सामने महज 39 रन ही बना सकी। इस प्रकार भारत ने फाइनल मुकाबला 25 रन से जीतकर एशियाई खिताब पर कब्जा जमाया।भारतीय टीम की इस ऐतिहासिक सफलता में गोरखपुर के खिलाड़ियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रतीक त्रिपाठी, अविनाश साहनी, गौरव सिंह, कप्तान अमन राज,रोहित शर्मा और फैज ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए अहम योगदान दिया। फेडरेशन सचिव इमरान अहमद लारी ने भारतीय टीम को बधाई देते हुए कहा कि अमन राज के अनुभवी नेतृत्व में भारतीय टीम ने एशियाई स्तर पर अपनी श्रेष्ठता साबित की है। गोरखपुर के खिलाड़ियों का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करना देश के लिए गर्व की बात है।



❖ बहरीन को 25 रन से हराकर जीती एशियन टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप

निष्काम भक्ति से भगवान होते हैं प्रसन्न-राघव ऋषि

गोरखपुर, १ नवम्बर। श्रीराम के अत्यंत प्रिय भक्त वो हैं जिन्हे कुछ भी पाने की कामना नहीं है ऐसे भक्त की भक्ति से ही भगवान प्रसन्न होते हैं। रामकथा के पंचम दिवस नगर दुर्गा चौक स्थित मेहंदी लान में राघव ऋषि ने भक्त और भगवान के बीच का मर्म सुनाया।उन्होंने कहा स्वार्थ सिद्ध करने के लिए की हुई भक्ति तो सौदा हो गया। प्रभु श्रीसीताराम पिता के वचन को मान वनगमन करते हैं। मार्ग में चलते हुए गंगा पार उतरने के लिए केवट से नाव की याचना करते हैं। भगवान के वचन सुन केवट ने उनके मर्म को अन्तर्मन में सोच विचार कर कहा की चरणों की रज मिल जाए तो मै आपको गंगा पार उतार दूं। सौरभ ऋषि ने सुनो रघुनाथ तुमको पार अब कैसे उतारूं मैं सुना अपार जनसमूह को भावपूर्ण किया।



पखारने की स्वीकृति दी। केवट ने बड़ी उत्सुकता से चरण रज पाकर मानो जगत की अनमोल सम्पदा पा ली हो। भगवान की इच्छा में ही अपना कल्याण मानकर भक्ति मार्ग पर चलने से ही भगवान प्रसन्न होकर भक्त के आधीन हो जाते हैं।मीडिया प्रभारी विनोद शुक्ला ने बताया सोमवार को वाल्मीकि आश्रम एवं चित्रकूट निवास का पुनीत प्रसंग रहेगा। प्रातः साढ़े सात बजे से पूज्य ऋषिजी के तत्वावधान में साधकों को महालक्ष्मी के समस्त नौ आवरणों का पूजन कराया गया। पोथीपूजन एवं व्यासपूजन बनवारी लाल निगम, राजीव त्रिपाठी एवं धर्मेंद्र गुप्ता द्वारा किया गया।

भगवान ने केवट के प्रेम से भरे वचनों को सुन प्रसन्न हो चरण

चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

गोरखपुर, १ नवम्बर। कैंट पुलिस द्वारा प्रभारी निरीक्षक कैण्ट जितेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाये गये वाहन चेकिंग अभियान के दौरान चौकी प्रभारी बेतियाहाता एसआई विवेक राज सिंह और उनकी टीम ने चोरी की बाइक के साथ कृष्णानंद पाण्डेय पुत्र संजय पांडेय निवासी ग्राम भीटी खोरिया थाना खजनी को गिरफ्तार करके उसे जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक कैंट ने बताया कि आरोपी के पास से बरामद चोरी की ०१ अदद मोटरसाइकिल के संबंध में पूर्व में थाना एम्स पर मु0अ0सं0 २३४/२०२५ धारा ३०३(२) भा०न्या०सं० दर्ज है। पीड़ित की तहरीर पर उक्त मुकदमा दर्ज कर पुलिस वाहन और चोर की सुरागकशी में जुटी थी।

महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज में मनाई गई लौह पुरुष की 151वीं जयंती

गोरखपुर, १ नवम्बर। महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज, गोरखपुर में भारत की राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के महान शिल्पकार, भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में श्रद्धा, उत्साह एवं राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ मनाई गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई एक एवं दो के स्वयंसेवकों तथा एनसीसी के कैडेटों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित कर उनके महान व्यक्तित्व एवं राष्ट्र के प्रति अप्रतिम योगदान का स्मरण करते हुए किया गया।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, भूगोल प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय सिंह ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए कहा कि सरदार पटेल भारतीय इतिहास के ऐसे युगद्रष्टा राष्ट्रनायक थे, जिन्होंने अपनी अदम्य इच्छाशक्ति, अद्वितीय संगठन क्षमता एवं दृढ़ राजनीतिक संकल्प के बल पर स्वतंत्र भारत की एकता को सुदृढ़ आधार प्रदान किया। इस अवसर



पर साहित्य परिषद के संयोजक संजय कुमार सिंह ने सरदार पटेल के संघर्षपूर्ण जीवन एवं राष्ट्र के प्रति उनके अतुलनीय समर्पण का स्मरण करते हुए कहा कि भारत की विविधता में एकता की भावना को अक्षुण्ण बनाए रखना ही लौह पुरुष के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है। एनसीसी के मेजर दीपक शाही ने राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के महत्व तथा वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसकी सैन्य सामर्थ्य के साथ-साथ उसके नागरिकों की एकजुटता, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति अटूट निष्ठा में निहित होती है। तत्पश्चात संजय कुमार सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं एनसीसी के कैडेटों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सुरक्षा को बनाए रखने तथा राष्ट्रहित के प्रति सदैव समर्पित रहने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने में एनसीसी के फर्स्ट ऑफिसर भारत सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।

पूर्वोत्तर रेलवे पर 'ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह' शुरू

गोरखपुर, १ नवम्बर। रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार पूर्वोत्तर रेलवे पर 1 से 7 नवम्बर, तक 'ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह' का आयोजन किया जा रहा है। इस सप्ताह का उद्देश्य लोगों को स्वस्थ, संतुलित एवं सतत जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक करना तथा दैनिक जीवन में अच्छी आदतों को प्रोत्साहित करना है। इसी क्रम में, 1 नवम्बर को 'स्वस्थ जीवनशैली अपनायें' विषय पर सप्ताह के प्रथम दिवस की शुरुआत की गई। इस अवसर पर ललित नारायण मिश्र रेलवे चिकित्सालय, गोरखपुर के डॉ. झिंगरन मेमोरियल हॉल में स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर एक जागरूकता कार्यक्रम एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ई.एन.एच.एम. विंग के अधिकारी एवं कर्मचारी, रेलवे चिकित्सालय के चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मी तथा मरीजों के परिजन उपस्थित थे। कार्यक्रम में चिकित्सालय के अपर मुख्य स्वास्थ्य निदेशक डॉ. फहीम अहमद ने उपस्थित लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के विभिन्न उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने संतुलित एवं पौष्टिक आहार, नियमित शारीरिक गतिविधि, पर्याप्त नींद, स्वच्छता तथा दैनिक दिनचर्या में सकारात्मक बदलावों के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. अहमद ने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से न केवल शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है, बल्कि अनेक बीमारियों से बचाव करने तथा कार्यक्षमता एवं जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने में भी सहायता मिलती है। इस अवसर पर मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, ई.एन.एच.एम. अम्बरीश प्रकाश पाण्डेय ने उपस्थित लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश देते हुये कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं दैनिक जीवन में छोटे-छोटे सकारात्मक बदलाव बेहतर एवं स्वस्थ भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने सभी से नियमित योग, संतुलित खानपान एवं अनुशासित दिनचर्या को अपनाने का आह्वान किया तथा कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके पूर्व, योग गुरु बृजलाल ने योग एवं प्राणायाम के महत्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर एवं मन को स्वस्थ रखने के साथ-साथ तनाव को कम करने तथा शारीरिक एवं मानसिक संतुलन बनाये रखने में सहायता मिलती है। उन्होंने उपस्थित लोगों को प्रातः काल जागने के उपरांत किये जाने वाले कुछ सरल योगासनों एवं अभ्यासों का व्यावहारिक प्रदर्शन भी कराया तथा उन्हें नियमित रूप से योग को अपनी दिनचर्या में सम्मिलित करने हेतु प्रेरित किया।

समाज के प्रति उत्तरदायित्व का बोध कराता है स्काउट एण्ड गाइड शिविर- अजय कुमार पाण्डेय

गोरखपुर,1नवम्बर।''दिग्विजय नाथ एल.टी. प्रशिक्षण महाविद्यालय गोरखपुर के बी.एड्. विभाग स्काउट एण्ड गाइड परिचयात्मक प्रशिक्षण शिविर के समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार पाण्डेय ने फीता काटकर, निरीक्षण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया और प्रशिक्षुओं द्वारा तैयार किये गये टेंटक्राफ्ट का सूक्ष्म अवलोकन कर उनकी कार्य कुशलता की सराहना करते हुए उपयोगी सुझाव भी प्रदान किये। डॉ. अजय कुमारपाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि स्काउट एण्ड गाइड प्रशिक्षण विद्यार्थियों मेंआत्मनिर्भरता, अनुशासन नेतृत्व क्षमता और सेवाभावना, विकसित



करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी से अपेक्षा है, कि शिविर में सीखे गए मूल्यों को अपने दैनिक जीवन, विद्यालय और समाज में व्यवहार में उतारेंगे। सेवा का भाव सहयोग की भावना और नेतृत्व का साहस स्काउट एण्ड गाइड की सच्ची पहचानहै। उन्होंने आगे कहा कि उत्साह, अनुशासन और रचनात्मकता से परिपूर्ण वातावरण में शिविर का सफल समापन हुआ जिसमें स्काउट गाइड प्रशिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मुख्य प्रशिक्षक ओमप्रकाश उपाध्याय सहायक प्रशिक्षिका श्रीमती लाजोरानी एवं सुश्री खुशबू गौड़ के प्रति आभार ज्ञापन किया और उनके प्रशिक्षण कार्य की सराहना भी किया। समापन अवसर पर प्रशिक्षुओं ने शिविर के अनुभव साझा किया और इसे ज्ञान वर्धक एवं प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर बी.एड. विभाग के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

❖ बी.एड. स्काउट एण्ड गाइड परिचयात्मक प्रशिक्षण शिविर का अनुशासन और सेवाभाव के साथ समापन

वाणिज्य मंत्रालय ने निर्यातकों को रिलीफ योजना का बेहतर लाभ पहुंचाने के लिए गठित की समिति

नयी दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय ने निर्यातकों के लिए शुरू की गई रिलीफ योजना के तहत मंजूर धनराशि का बेहतर इस्तेमाल सुनिश्चित करने और अधिक निर्यातकों तक इसका लाभ पहुंचाने के लिए छह सदस्यीय समिति गठित की है। सरकार ने 25,060 करोड़ रुपए के निर्यात संवर्धन मिशन (ईपीएम) के तहत रेजिलिएंस एंड लॉजिस्टिक्स इंटरवेंशन फॉर एक्सपोर्ट फैसिलिटेशन (रिलीफ) योजना शुरू की है। इसका मकसद खाड़ी और पश्चिम एशिया के समुद्री व्यापार मार्गों में बाधाओं, माल ढुलाई की बढ़ती लागत तथा बीमा प्रीमियम में वृद्धि से निर्यातकों को राहत देना है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक व्यापारिक अधिसूचना में कहा कि रिलीफ योजना के तहत धनराशि का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने और अधिक निर्यातकों को इसका लाभ दिलाने के लिए एक समिति गठित की गई है।

सान्वी सिंह बनीं फिडे रेटेड शतरंज खिलाड़ी

गोरखपुर, १ नवम्बर। गोरखपुर की शतरंज खिलाडी लिटिल फ्लावर स्कूल की कक्षा 8 की छात्रा सान्वी सिंह को विश्व शतरंज



महासंघ (फीडे) ने अपने नवंबर माह की जारी अंतरराष्ट्रीय रेटिंग शतरंज की सूची में रैपिड रेटिंग प्रदान किया है। गोरखपुर जिला शतरंज संघ के सचिव जितेन्द्र सिंह ने बताया कि फीडे ने सान्वी सिंह को 1452 व्वाइंट की प्रारंभिक रेटिंग प्रदान की है। यह उपलब्धि बीते माह बिहार और आईआईटी कानपुर में आयोजित फीडे रेटिंग चेस टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर हासिल हुई है। सान्वी सिंह की इस उपलब्धि पर पिता संजय सिंह एवं माता अनिता सिंह ने जिला शतरंज संघ द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं की सराहना की है। जिला शतरंज संघ के संरक्षक पुष्पदंत जैन, अध्यक्ष सैयद नौशाद अली सब्जपोश ,संजय कुमार मिश्र, एस ए रहमान, मिथिलेश श्रीवास्तव, नितेश श्रीवास्तव, मान्धाता सिंह, कनक हरि अग्रवाल, विनय जायसवाल, राहुल द्विवेदी आदि ने बधाई दी है।

एक शाम अमर शहीद संत कंवर राम के नाम कार्यक्रम आयोजित

गोरखपुर, १ नवम्बर । सिन्धी समाज के संत अमर शहीद संत कंवर राम साहिब के 87वें बलिदान दिवस पर आज कल्याण पैलेस सिन्धी धर्मशाला जटाशंकर में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम ''एक शाम अमर शहीद संत कंवर राम



के नाम'' का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में सर्वप्रथम माता साहिब आश्रम के संत साई रविदास के द्वारा दीप प्रवज्जवलित करके किया गया, सिन्धी समाज की समस्त पंचायतो के मुखिया साहब जन के द्वारा महाआरती करके प्रारम्भ किया गया। मध्य प्रदेश से आये हुए कलाकार विशाल एण्ड सागर ब्रदर्स, डबरा ने संत साई कंवर राम साहिब के भजनो की एक से एक श्रृखलाओं की झड़ी लगा दी। सारे भक्त श्रद्धालु उन भजनो में सराबोर हो गये। तत्पश्चात बस्ती सें आयी नेहा एण्ड टीम ने जब संत कंवर राम साहिब के जीवन पर आधारित नाटक की प्रस्तुति ने उपस्थित भक्तजनों का दिल मोह लिया। सबकी ऑखे नम हो गयी। इसके पश्चात रात्रि 10 बजे संत साई रविदास द्वारा पल्लव और अरदास किया गया। तत्पश्चात विशाल मण्डारे का आयोजन किया गया। समाज के सभी ने संत कंवर राम साहिब का आर्शिवाद लिया एवं प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के अध्यक्ष शरद लखमानी जी के द्वारा किया गया तथा पूरा कार्यक्रम संस्था के सांस्कृतिक मंत्री विक्की छंगलानी एवं सुनील बिजलानी के देख-रेख में किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ओम प्रकाश हरियानी, डैनी कर्मचंदानी, जय प्रकाश केशवानी, अमित जैसलानी, नीरज राहेजा, दीपक लखमानी, इन्दर बजाज, पवन बजाज, राजू बजाज, दीपक खटनानी, सतीश रिझवानी, ओम प्रकाश लखमानी, सुनील खटनानी, बृजेश नारवानी, सुरज वरयानी, कमल सचदेवा, नीरंजन सावलानी, अमित हिरवानी, लोकेश चावला, पंकज गुरूनानी, आनन्द मोटवानी, किशोर लखमानी, विक्रम माधवानी, उमेश बिजलानी, लक्ष्मण बुद्धवानी, विनोद वलेचा सहित अन्य उपस्थित रहे।

रेल मंत्री ने बेंगलुरु-मुंबई वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस ट्रेन को दिखायी हरी झंडी

गोरखपुर, १ नवम्बर। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, केंद्रीय मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी, रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना, राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में बेंगलुरु-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह कार्यक्रम भारत के दो प्रमुख महानगरों और आर्थिक केंद्रों के बीच आधुनिक ओवरनाइट (रात भर चलने वाली) रेल कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अगली पीढ़ी की इस स्लीपर ट्रेन के शुरू होने से यात्रियों को बेंगलुरु और मुंबई के बीच यात्रा करने के लिए एक और आधुनिक, आरामदायक और सुविधाजनक विकल्प मिलेगा। इस सेवा से पेशेवरों, उद्यमियों, व्यावसायिक यात्रियों, छात्रों, व्यापारियों और पर्यटकों को लाभ मिलने की उम्मीद है। साथ ही, इससे कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र के महत्वपूर्ण क्षेत्रीय केंद्रों के बीच कनेक्टिविटी भी मजबूत होगी। जनवरी 2026 में हावड़ा-गुवाहाटी कॉरिडोर पर वंदे भारत स्लीपर सेवा शुरू होने और कल वाराणसी-नई दिल्ली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाए जाने के बाद, बेंगलुरु-मुंबई सेवा आधुनिक ओवरनाइट रेल यात्रा के नेटवर्क का और विस्तार करती है। यह यात्रियों की जरूरतों को प्राथमिकता देने वाली परिवहन व्यवस्था के प्रति भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता को भी मजबूत करती है। बेंगलुरु-मुंबई वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस की शुरुआत पर प्रकाश डालते हुए, श्री वैष्णव ने कहा कि यह सेवा देश की आईटी और स्टार्टअप राजधानी बेंगलुरु को उसकी वित्तीय राजधानी मुंबई से जोड़ेगी। यह ट्रेन आंध्र प्रदेश में अनंतपुर और गुंतकल; कर्नाटक में रायचूर, यादगीर और कलबुर्गी; तथा महाराष्ट्र में सोलापुर, पुणे और कल्याण से होकर गुजरेगी। इससे उत्तरी कर्नाटक के उन कई हिस्सों में बेहतर ओवरनाइट (रात भर की) कनेक्टिविटी मिलेगी, जहाँ पहले विश्व स्तरीय प्रीमियम ट्रेन सेवाओं की सुविधा नहीं थी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि कर्नाटक के लिए अगली वंदे भारत स्लीपर सेवा बेंगलुरु से शुरू होगी, जो राज्य के उत्तरी हिस्सों (हुब्बल्ली क्षेत्र की ओर) को जोड़ेगी और फिर पुणे तथा मुंबई की ओर जाएगी। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कर्नाटक में हाई-स्पीड रेल कनेक्टिविटी के विस्तार और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करने तथा आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए नए रेलवे कॉरिडोर के विकास पर जोर दिया। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने पूरे कर्नाटक, विशेष रूप से उत्तरी कर्नाटक में रेल कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए रेल मंत्रालय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने रेलवे बुनियादी ढांचे के विकास के लिए फंड आवंटन में की गई वृद्धि का उल्लेख किया और कर्नाटक में रेलवे विकास कार्यों में हुई उल्लेखनीय प्रगति की प्रशंसा की। श्री जोशी ने इस बात पर जोर दिया कि इस बड़े निवेश से बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) के विस्तार और सुरक्षा में सुधार दोनों को बढ़ावा मिला है। उन्होंने बताया कि कवच सुरक्षा प्रणाली लागू होने के बाद दुर्घटनाओं की दर 135 से घटकर 16 रह गई है, और अब लक्ष्य यह है कि भविष्य में कोई दुर्घटना न हो (जीरो एक्सीडेंट)। केंद्रीय मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने बेंगलुरु-मुंबई वंदे भारत स्लीपर सेवा, बेंगलुरु और मंगलुरु के बीच प्रस्तावित वंदे भारत कनेक्टिविटी, और बेंगलुरु को पुणे से जोड़ने वाली रेल कनेक्टिविटी की योजनाओं का स्वागत किया। रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने कर्नाटक में रेलवे के बुनियादी ढांचे में आए बड़े बदलावों का जिक्र किया। उन्होंने लंबे समय से लंबित परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने, रेल कनेक्टिविटी को मजबूत करने और पूरे राज्य में यात्रियों के लिए सुविधाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि राज्य में लगभग 52,000 करोड़ रुपये की लागत से रेलवे के बुनियादी ढांचे के विकास का काम चल रहा है। उन्होंने रेल मंत्री के प्रयासों की सराहना की, जिसके तहत ट्रेन सेवाओं को बहाल किया गया है, रेलवे ओवरब्रिज और अंडरब्रिज के निर्माण में तेजी लाई गई है, और बेंगलुरु, जिला मुख्यालयों तथा अन्य महत्वपूर्ण केंद्रों पर रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है।

❖ केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, एच. डी. कुमारस्वामी, रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस झंडी दिखाने के समारोह में शामिल हुए❖नई वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस बेंगलुरु और मुंबई के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगी